तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 25 जुलाई 2026



13 स्वच्छता और सुरक्षित पर्यटन का दिया गया संदेश





14 मेडिकल एजेंसी में ईओडब्ल्यू की जांच






## खबर संक्षेप

### एकलव्य विद्यालय में लक्की का चयन



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर के लक्की ध्रुव पिता मिथलेश ध्रुव का चयन एकलव्य आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह धमतरी में होने पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है । लक्की शुरू से ही प्रतिभाशाली छात्रा रहा है । शाला के प्रधानपाठक श्रीमती झमित मेश्राम के मार्गदर्शन एवं समस्त शिक्षक स्टॉफ के प्रयास से लक्की का चयन कक्षा 6 वीं के लिए हुआ है। लक्की की सफलता पर शाला परिवार एवं उनके माता-पिता गौरवान्वित है।

### युवक ने फांसी लगा कर की खुदकुशी

**धमतरी।** अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस के अनुसार हटकेशर वार्ड निवासी संतुराम निषाद पिता कार्तिकराम उम्र 36 वर्ष मजदूरी का काम करता था। युवक ने गुरुवार की शाम अपने घर के पीछे स्थित पेड पर कपड़े की रस्सी का फंदा बना फांसी लगा लिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा कार्रवाई कर जिला अस्पताल भेज दिया। जहां शुक्रवार को शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। युवक के फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

कॉमन बैंडेड पीकॉक, ऑरेंज ओकलीफ, स्पॉट स्वॉईटेल के बीच है मुकाबला

# प्रदेश की जनता करेगी राजकीय तितली का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ आनलाइन मतदान की प्रक्रिया शुरू

प्राकृतिक धरोहर को नई पहचान देने की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन ने एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। पहली बार राज्य की राजकीय तितली का चयन सीधे जनता की राय से किया जाएगा। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने आनलाइन मतदान शुरू कर दिया है जिसमें प्रदेश का हर नागरिक 31 अगस्त 2026 तक अपनी पसंद की तितली के पक्ष में वोट कर सकता है। इस पहल का मकसद केवल तितली का चयन करना ही नहीं बल्कि प्रकृति संरक्षण को जनआंदोलन का रूप भी देना है। वनमंत्री केदार कश्यप की पहल पर शुरू किये गये इस अभियान के जरिए प्रदेशवासियों को जैव विविधता संरक्षण से जोड़े जाने का प्रयास किया जा रहा है।




### इन तीन तितलियों में है मुकाबला

छत्तीसगढ़ गठन के बाद राज्य ने अपनी पहचान के लिए वनभैंसा, पहाड़ी मैना, साल वृक्ष, गेंदे का फूल और अरपा पैर के धार जैसे प्रतीकों को अपनाया है। अब इन्हीं राजकीय प्रतीकों की श्रृंखला में पहली बार राजकीय तितली को भी शामिल किया जाएगा। यह निर्णय राज्य की समृद्ध जैव विविधता को नई पहचान देने की दिशा में अहम माना जा रहा है। विशेषज्ञ समिति ने वैज्ञानिक अध्ययन और पारिस्थितिक महत्व के आधार पर तितली के तीन प्रजातियों का चयन किया है। इसमें कॉमन बैंडेड पीकॉक, ऑरेंज ओकलीफ, स्पॉट स्वॉईटेल शामिल है। इसका चयन राज्य में उनकी उपलब्धता, संरक्षण, महत्व, विशिष्टता, पर्यावरणीय भूमिका और आम लोगों के बीच पहचान जैसे मानकों के आधार पर किया गया है।

### पर्यावरण के लिए इसलिए तितलियां हैं महत्वपूर्ण


रंग-बिरंगे पंखों वाली तितलियां सिर्फ सुंदर जीव ही नहीं है। यह प्रकृति के संतुलन की महत्वपूर्ण कड़ी है। इन्हें पर्यावरण के स्वास्थ्य का सबसे विश्वसनीय संकेतक माना जाता है। जहां तितलियों की संख्या अधिक होती है वहां की जैव विविधता को भी बेहतर मानी जाती है। फूलों से रस लेते समय तितलियां परागण की प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाती है जिससे पौधों का प्रजनन और नई फसलों का विकास होता है। इनके लार्वा और तितलियां स्वयं पक्षियों, चमगादड़ों तथा अन्य जीवों के भोजन का प्रमुख स्त्रोत है। जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण में होने वाले छोटे-छोटे बदलाव का असर तितलियों पर दिखाई देता है इसलिए वैज्ञानिक इसे प्राकृतिक चेतावनी संकेतक भी मानते हैं।

### 31 अगस्त तक आनलाइन मतदान

यूएसटीआर के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि राजकीय तितली चयन के लिए वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने गुगल फार्म के माध्यम से आनलाइन मतदान की व्यवस्था की है। इच्छुक नागरिक 31 अगस्त 2026 तक अपनी पसंद की तितली के पक्ष में वोट दर्ज कर सकते हैं। मतदान के बाद प्राप्त जनमत और विशेषज्ञों के अनुशंसा के आधार पर छत्तीसगढ़ का राजकीय तितली का घोषणा की जाएगी। वन विभाग का कहना है कि वन्यजीव और जैव विविधता का संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज की भी साझी जिम्मेदारी है। राजकीय तितली के लिए मतदान का उद्देश्य लोगों को प्रकृति से जोड़ना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना है। विभाग ने अपील की है कि स्वयं मतदान करे और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़े।

# बंगाल की खाड़ी में तैयार हो रहा है सिस्टम, होगी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रदेश में मानसून की गतिविधि जारी रहेगी। पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक और सिस्टम तैयार हो रहा है। जिससे प्रदेश में फिर झमाझम बारिश के आसार है।

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगीय पश्चिम बंगाल के उत्तरी हिस्सों और इससे सटे बंग्लादेश के उपर उपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण समुद्रतल से 9.4 किमी ऊंचाई पर फैला हुआ है। यह दक्षिण पश्चिम की ओर झुक रहा है। इसके प्रभाव से शनिवार तक निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इस सिस्टम के प्रभाव से एक बार फिर मानसूनी बारिश प्रदेशभर में होने की संभावना है। समुद्रतल पर मानसून द्रोणिका जैसलमेर, दक्षिण पश्चिम राजस्थान और आसपास क्षेत्र में बने कम दबाव का केंद्र कोटा, गुणा, सीधी, डल्टनगंज तथा दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूवी बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। इससे अगले दो दिनों तक प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। मध्य तथा उत्तर छग में मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना बनी हुई है।

### सामान्य बारिश से 14 प्रतिशत कम हुई बारिश

शुक्रवार की स्थिति में धमतरी जिला में बारिश की स्थिति सामान्य वर्षा से 14 प्रतिशत कम है। 1 जून से अब तक जिले में 408.4 मिमी वर्षा का रिकार्ड दर्ज किया गया है। जबकि सामान्य वर्षा 475.6 मिमी का है। अब तक 67 मिमी कम बारिश के साथ औसत से 14 प्रतिशत कम बारिश हुई है।

# न किसी से राय न मशविरा, सरकारी जमीन पर कुकर फैक्ट्री एलॉट कर दी

■ बिना ग्रामसभा अनुमोदन के एनओसी देने से ग्रामीण आक्रोशित, करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रेशर कुकर फैक्ट्री के लिए 12 एकड़ सरकारी जमीन को लीज में दे दिया गया है। इस फैक्ट्री से सरकारी जमीन तो जा रही है, साथ ही प्रदूषण का खतरा बना हुआ है। इस फैक्ट्री को ग्रामीण बर्दास्त करने के मूड में नहीं हैं। उन्होंन चेतावनी दी है कि इस मामले में कार्रवाई नहीं होती तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। आंदोलन शांतिपूर्वक रहेगा।

मामला ग्राम पंचायत कोड़ापार का है। यहां के आश्रित गांव भरदा की करीब 5 हेक्टेयर(12 एकड़) सरकारी जमीन को कुकर फैक्ट्री स्थापित करने के लिए निजी व्यक्ति को लीज पर दी जा रही है। इस प्रक्रिया के लिए न तो ग्रामीणों से सहमति ली गई है और न ही ग्रामसभा में अनुमोदन किया गया है। पंचायत द्वारा अपने स्तर पर एनओसी देकर फैक्ट्री लगाने के लिए छूट दे दी है। ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने इसका विरोध शुरू कर दिया। तीन से चार बार शिकायत करने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। शुक्रवार को फिर ग्रामीण फिर कलेक्टोरेट पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। इस बार उन्होंने अल्टीमेटम दिया है कि कार्रवाई नहीं होती है तो वे फैक्ट्री के विरोध में शांतिपूर्वक तरीके से आंदोलन करेंगे। कलेक्टोरेट पहुंचने वालों में भीमशंकर, राजेश, धीरज चौहान, आनंद कुमार साहू, दिपांकर प्रसाद साहू, प्रीत कुमार साहू, रोशन बारले, इंदल सिंह, ओमप्रकाश सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।



### ग्रामीणों में नाराजगी

ग्रामीण भीमशंकर वैष्णव ने बताया कि पंचायत की इस कार्यशैली से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। थोड़ी बहुत नहीं 12 एकड़ शासकीय भूमि को लीज पर दिया जा रहा है। वह भी फैक्ट्री डालने के लिए लंबे समय के लिए। इस जमीन का उपयोग ग्रामीण निस्तारी के लिए करते हैं। चारागाह है, जहां पर 1200 से ज्यादा मवेशी चारा चरते हैं। खेल मैदान, गौरा गौरी स्थल भी यहीं पर है। यहां पर कई सार्वजनिक कार्य किए जाते हैं। फैक्ट्री बनने के बाद ग्रामीण इससे वंचित हो जाएंगे।

### पर्यावरण, स्वास्थ्य पर विपरीत असर

ग्रामीणों ने बताया कि जिस जमीन को फैक्ट्री के लिए एलॉट किया गया है, उसके पास ही रिहायशी आबादी और कृषि भूमि है। यहां पर कुकर फैक्ट्री खुलने से प्रदूषण होगा, जिससे लोग प्रभावित होंगे। उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। यही नहीं पर्यावरण दूषित होने से खेती पर विपरीत असर पड़ेगा। पेयजल स्त्रोत, मिट्टी, हवा सभी दूषित हो जाएगी। उन्होंने बताया कि किसी भी सूरत में वे इस फैक्ट्री को गांव में स्थापित नहीं होने देंगे।




## खबर संक्षेप




### स्थानीय उद्योगों को मिलेगी नई पहचान

**कांकेर।** जिले में फर्नीचर एवं कारपेन्ट्री क्लस्टर तथा कॉमन फैसिलिटी सेंटर सीएफसी स्थापना को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला में आधुनिक मशीनों, गुणवत्ता सुधार, लागत में कमी, कौशल विकास, ब्रांडिंग, विपणन और रोजगार सृजन पर चर्चा की गई। कार्यशाला में एमएसएमई रायपुर के सहायक निदेशक दामोदर बेहरा, पीएम विश्वकर्मा स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य विश्वनाथन आचारी, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक टंकेश्वर देवांगन के अलावा अजय मंडावी सहित अनेक फर्नीचर उद्यमियों ने भाग लिया।

## निधन

### दीनदयाल साहू

**धमतरी।** ग्राम परसूली निवासी दीनदयाल साहू 82 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया । वे



त्रिलोकी साहू के पिता व चैत राम साहू के चाचा थे । उनके दाह संस्कार मुक्तिधाम में किया गया जिसमें ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

# शीतला माता मंदिर में माता पहुंचानी कार्यक्रम उल्लास के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर के प्राचीन शीतला माता मंदिर में पारंपरिक माता पहुंचानी कार्यक्रम गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस धार्मिक आयोजन में नगर सहित आसपास से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। दोपहर से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। ढोल-मंजीरा की मधुर धुन, माता सेवा दल द्वारा प्रस्तुत सेवा गीत, भजन-कीर्तन और माता के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूब गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माता शीतला की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद माता की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने माता की आरती उतारकर पुष्पवर्षा की और जय माता दी के जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

कार्यक्रम में नगर व्यवस्था समिति के सचिव दीपेश निषाद, नगर पुरोहित ठकुरीधर शर्मा, नरेंद्र नाग, योगेंद्र गौर, हरीश सार्वा, सत्यम सोम, होरीलाल पटेल, प्रसाद राम चंद्रवंशी, देवेंद्र साहू, नोहर साहू, ज्वाला प्रसाद साहू, उत्तम गौर, शैलेन्द्र लहौरिया, हेमंत पटेल सहित नगर व्यवस्था समिति के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### भव्य शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब, नगरवासियों ने की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना

#### महिलाओं और बच्चों में भी उत्साह

महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में माता के भजन गाते हुए चल रही थीं, वहीं युवा और बच्चे भी पूरे उत्साह के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। ढोल, मंजीरा और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे। शोभायात्रा के मंदिर परिसर पहुंचने के बाद विशेष पूजा-अर्चना हुई। इस दौरान नगर व्यवस्था समिति के अध्यक्ष नंद यादव ने माता शीतला के समक्ष नगर की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने प्रार्थना करते हुए नगर व्यवस्था के संचालन में किसी प्रकार की भूल या त्रुटि के लिए माता से क्षमा मांगी।



#### तिलक लगाकर किया सम्मान

धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूजा-अर्चना के बाद जिन श्रद्धालुओं पर माता का आशीर्वाद स्वरूप देवी भाव आया था, उन्हें तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद नारियल फोड़कर माता को भोग अर्पित किया गया और प्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा, बेहतर फसल और सभी के स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर व्यवस्था समिति द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई थी।

### मलेरिया जांच, मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

# वनांचल के रिसगांव क्षेत्र का सीएचएमओ ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) धमतरी डॉ. यू. एल. कौशिक ने शुक्रवार को विकासखंड नगरी के वनांचल क्षेत्र स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र रिसगांव का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौसमी बीमारियों की रोकथाम, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, दवा उपलब्धता तथा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। सीएमएचओ डॉ. कौशिक ने विशेष रूप से मलेरिया एवं डायरिया जैसी मौसमी बीमारियों की रोकथाम पर जोर देते हुए स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में आने वाले प्रत्येक बुखार के मरीज की अनिवार्य रूप से मलेरिया जांच की जाए, ताकि समय रहते उपचार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयों की उपलब्धता की भी जानकारी ली और दवाओं का पर्याप्त भंडारण बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संस्थागत प्रसव की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि वर्तमान सत्र में केंद्र में अब तक पांच सुरक्षित प्रसव कराए जा चुके हैं। साथ ही उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) वाली महिलाओं की नियमित निगरानी एवं आवश्यक देखभाल के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई।



निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लेते सीएमएचओ डॉ. यू.एल. कौशिक

सीएमएचओ ने नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति का अवलोकन करते हुए संबंधित अभिलेखों की जांच की तथा टीकाकरण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सर्पदंश जैसी आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए केंद्र में एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता की पुष्टि की तथा गंभीर मरीजों के त्वरित रेफरल के लिए एम्बुलेंस सेवा की कार्यप्रणाली का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. डी. एन. सोम एवं खंड कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम) हितेंद्र साहू उपस्थित रहे। उप स्वास्थ्य केंद्र रिसगांव में ग्रामीण चिकित्सा सहायक (आरएमए) दुर्गेश साहू एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) कु. ज्योति उपस्थित मिले। द्वितीय एएनएम श्रीमती सेतु नंदनी नियमित टीकाकरण कार्य के लिए क्षेत्र भ्रमण पर थीं, जबकि एम्बुलेंस चालक अगस्त कामड़े अपनी ड्यूटी पर उपस्थित पाए गए। सीएमएचओ डॉ. कौशिक ने स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने, मौसमी बीमारियों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने तथा शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## अंचल की खबरें

### सिवनीकला हाईस्कूल में एसएमसी का हुआ गठन



**सिर्री।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनीकला में 23 जुलाई को शाला विकास एवं प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें सभी पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। सभी पदाधिकारियों ने शपथ लेकर पदभार ग्रहण किया और अपने पदों पर आसीन रहकर उसका पूर्णतः विधिवत निर्वहन करने की बात कही। शाला विकास समिति के अध्यक्ष सुरेश साहू, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, डगेश साहू सदस्य नीलकमल साहू सदस्य, संजू तारक, नरेश साहू सदस्य, गायत्री साहू सदस्य, कल्याणी साहू सदस्य, मोनिका साहू सदस्य, धनेश्वरी चंद्राकर सदस्य, बिंदेश्वरी नगरची सदस्य, शिक्षाविद सुशील साहू, सचिव मनोहर शांडिल्य, शिक्षक टीआर पटेल, लता ध्रुव सरपंच उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष दाऊ टकेश्वर चंद्राकर, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, टेकराम साहू, विक्रम साहू, दीपदान साहू, दिलीप साहू, खिलावन चंद्राकर, सुरेश साहू, जितेश्वर ध्रुव, कुंजीलाल साहू, ज्योति साहू आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### शाउमावि करगा में जन भागीदारी समिति की हुई बैठक



**जीजामगांव।** जनभागीदारी एवं विकास समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करगा का प्रथम बैठक सह विदाई कार्यक्रम 24 जुलाई को सम्पन्न हुआ , कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया गया, तत्पश्चात समस्त सदस्यों का स्वागत कर बैठक की शुरुआत की गई, एवम शपथ लिया गया। बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष डोमार सिंह साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक पूरे लगन से बालकों को शिक्षा प्रदान करें, हम सब मिलकर विद्यालय के विकास कार्य के लिए समर्पित रुप से काम करेंगे। बैठक को पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र साहू, सरपंच सावित्री गणेश्वर साहू, उपसरपंच चुनेश्वर साहू एवं पूर्व सरपंच संतोषी साहू, तुलसी साहू, हेमंत साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र कुमार साहू ने किया, विद्यालय के प्राचार्य बालमुकुंद यदु ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व अध्यक्ष ने विद्यालय को अपना परिवार समझ के अपना पूरा योगदान दिया है। पश्चात विद्यालय परिसर में सदस्यों द्वारा वृहद वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारत भूषण साहू, सी आर साहू, नारायण सोनी, वाय देवांगन सहित शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्य गण शामिल हुए। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी नारायण सोनी ने दी।

# 15 अगस्त तक पट्टा सर्वे पूरा करें, पात्र परिवारों को मिलेगा मालिकाना हक

- महापौर रामू रोहरा ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



महापौर रामू रोहरा ने नगर निगम और राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को पट्टा वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए 15 अगस्त तक सर्वे कार्य पूर्ण किया जाए। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा पात्र लोगों को पट्टा प्रदान करने की घोषणा की गई है। इस घोषणा को धरातल पर उतारने के लिए नगर निगम और राजस्व विभाग संयुक्त रूप से सर्वे कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सर्वे पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ किया जाए, ताकि वास्तविक पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी मिल सके।

रामू रोहरा ने कहा कि वर्षों से भूमि पर निवास कर रहे पात्र परिवारों को उनके अधिकार दिलाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। सर्वे पूरा होने के बाद पात्रता के आधार पर पट्टा वितरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम छूटने न पाए तथा सर्वे के दौरान आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हो।

महापौर ने कहा कि सरकार गरीब और जरूरतमंद परिवारों को स्थायी आवासीय अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करें, ताकि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पात्र हितग्राहियों को पट्टा वितरण की दिशा में प्रभावी पहल की जा सके।

# हरियाली सप्ताह का समापन : सात दिन में रोपे गए 11 सौ से अधिक पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



नगर पालिका परिषद कुरूद द्वारा आयोजित हरियाली साप्ताहिक उत्सव 2026 का अटल चौक (जेडी कॉलोनी) के पास पौधरोपण के साथ समापन हुआ। अभियान के दौरान सात दिनों में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में 1100 से अधिक पौधे लगाए गए। समापन दिवस पर करीब 250 पौधों का रोपण किया गया।

अभियान के तहत वार्ड-14 के पेंशनर सामुदायिक भवन परिसर, सतनाम परिसर, वीर सावरकर गार्डन, वार्ड-15 स्थित काली मंदिर कैनाल रोड, जेडी कॉलोनी, अटल चौक और फिल्टर प्लांट सहित नगर के प्रमुख स्थानों पर पौधरोपण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने अभियान में सहयोग देने वाले जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों, नागरिकों, पर्यावरण प्रेमियों, मीडिया प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, भाजपा पदाधिकारियों, अधिकारियों-कर्मचारियों तथा नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ग्रीन कुरूद और क्लीन कुरूद का संकल्प मजबूत हुआ है। नगर पालिका ने पौधों के संरक्षण और हरित वातावरण बनाए रखने के लिए नागरिकों से भी सक्रिय भागीदारी की अपील की। समापन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर, सभापति मिथिलेश बैस एवं सितेश सिन्हा, पार्षद मनीष साहू, पूर्व पार्षद भारती पंचायन, एल्डरमैन भानू चंद्राकर, समाजसेवी कमिथला साहू सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।




# प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत निकाली गई विशाल जागरूकता रैली

- भखारा में स्वच्छता पखवाड़ा एवं जन-जागरूकता रैली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी





भखारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु नपं भखारा द्वारा आज 24 जुलाई को सुबह 11 बजे नपं कार्यालय से पुराना बाजार चौक तक एक विशाल स्वच्छता एवं जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस रैली में सभी प्लेसमेंट कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। रैली का मुख्य उद्देश्य दुकानदारों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों जैसे कपड़े के थैले, कागज के लिफाफे आदि को अपनाने हेतु प्रेरित करना था। रैली में एल्डरमैन किशोर गौर, नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर, वार्ड पार्षद भूपेंद्र यादव, समाजसेवी मेघू साहू, रामकृष्ण नेताम, इंजीनियर श्रीमती ज्योति साहू, चंद्रशेखर साहू एवं स्वच्छता दीदी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

शासन के निर्देशानुसार विशेष निरीक्षण अभियान भी चलाया गया। इसके साथ-साथ शहर में व्यापक जन-जागरूकता गतिविधियां संचालित की गईं। इस संबंध में पूर्व में ही समस्त दुकानदारों को समझाइश दी जा चुकी थी और उनसे अभियान में सहयोग की अपील की गई। रैली के दौरान प्लास्टिक मुक्त बाजार, स्वच्छ सुंदर हमारा शहर और सिंगल यूज प्लास्टिक को ना कहें, कपड़े का थैला अपनाएं जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

रैली के दौरान सीएमओ हरिकिशन पावरिया ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने दैनिक जीवन में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करें, घर से निकलते समय कपड़े का थैला साथ रखें और इस प्लास्टिक मुक्त अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग करें। उन्होंने कहा हमारा संकल्प है भखारा को प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ बनाना। इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।

# राज्य स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा में जितेंद्र कुमार ने हासिल किया तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित गौ विज्ञान तृतीय चरण की राज्य स्तरीय परीक्षा के पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह में धमतरी जिले के शासकीय आईटीआई महाविद्यालय भखारा के छात्र जितेंद्र कुमार (पिता- भानुराम) ने सी ग्रुप में राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया। साथ ही उन्होंने धमतरी जिले में प्रथम स्थान हासिल किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय थे। मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय संयोजक गौ सेवा गतिविधि अजीत महापात्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह चंद्रशेखर देवांगन ने की। विशिष्ट अतिथियों में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विश्वेश्वर पटेल, छत्तीसगढ़ शिक्षा आयोग के अध्यक्ष सुधीर गौतम, गौ सेवक एवं समाजसेवी आत्मबोध अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यवाह गोपाल यादव, गौ सेवा संगम के प्रांत परीक्षा प्रमुख सुबोध राठी तथा प्रांत सह परीक्षा प्रमुख मनोज पांडेय शामिल रहे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जितेंद्र कुमार को तृतीय पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान की। उनकी इस उपलब्धि से धमतरी जिले एवं शासकीय आईटीआई महाविद्यालय भखारा का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित हुआ।

जितेंद्र कुमार की सफलता पर जिला संयोजक विनोद कुमार पांडेय, प्रांत कोऑर्डिनेटर धजेंद्र पटेल, जिला समन्वयक गौ विज्ञान हनुमान प्रसाद वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी, जिला समन्वयक लीलाधर चौधरी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कलीराम साहू (नगरी), राजेश बैस (कुरूद), मनीष कुमार ध्रुव (मगरलोड), जिला नोडल अधिकारी शेष नारायण गजेंद्र, विकासखंड नोडल अधिकारी श्रीमती शोभा दुबे (धमतरी), पोखन लाल साहू, मनोज नेताम (कुरूद), दयाराम साहू, देवेश साहू (मगरलोड), एस.के. प्रजापति एवं राजेश तिवारी (नगरी) सहित शिक्षा विभाग एवं गौ विज्ञान परीक्षा से जुड़े अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### लाईवलीहुड कॉलेज में दिया जाएगा विभिन्न पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रशिक्षण

**धमतरी।** प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में जिले के युवाओं को विभिन्न पाठ्यक्रमों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए इच्छुक युवा आगामी 31 जुलाई तक सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशनकार्ड आदि दस्तावेजों की फोटोकॉपी तथा पासपोर्ट साईज फोटो जमा करना होगा। सहायक परियोजना अधिकारी, लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि डोमेस्टिक आईटी हेल्पडेस्क अटेंडेंट प्रशिक्षण के लिए 12वीं पास तथा असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन (घरेलू वायरिंग एवं मशीन रिपेयरिंग), सिक्युरिटी सुपरवाईजर, सोलर पीवीसी इंस्टालर (सूर्यमित्र), जनरल ड्यूटी असिस्टेंट प्रशिक्षण के लिए दसवीं पास युवा आवेदन कर सकते हैं। इसी तरह जल वितरण संचालक, असिस्टेंट मेसन प्रशिक्षण के लिए 5वीं अथवा 8वीं उत्तीर्ण युवा आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा हैण्ड एम्ब्रोईडरी प्रशिक्षण के लिए 5वीं या 8वीं पास, 16 से 25 वर्ष तक की आयु की केवल महिला आवेदक आवेदन कर सकतीं हैं।

### महिला की मौत, कारण अज्ञात

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत एमजी वार्ड कांकेर निवासी 57 वर्षीय भगवती साहू पति स्व. सदारराम साहू का 22 जुलाई को मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक का इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। अज्ञात कारणों के चलते उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ग्रामीण ने दी फांसी लगाकर जान

कांकेर। चारामा थानांतर्गत ग्राम चिनौरी निवासी 48 वर्षीय नुपेंद्र कोड़ोपी पिता सुकलाल कोड़ोपी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 23 जुलाई को घर के म्यार में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत डोड़ाकाएन्हुर निवासी 30 वर्षीय हरिलाल गावड़े पिता गांडा राम को गंभीर चोट आने के कारण 26 मई को मौत हो गया। डीकेएस अस्पताल रायपुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस का बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# एमएसएमई उद्यमियों को बैंकिंग योजनाओं की दी जानकारी

## पंजाब नेशनल बैंक ने आयोजित किया विशेष संवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से धमतरी में विशेष आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में धमतरी और आसपास के क्षेत्रों से 100 से अधिक उद्यमियों ने भाग लिया। इस दौरान बैंक अधिकारियों ने विभिन्न वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं और निवेश विकल्पों की जानकारी साझा करते हुए उद्यमियों की बैंकिंग संबंधी समस्याओं और सुझावों पर भी चर्चा की।

कार्यक्रम में रायपुर जोन के जोनल मैनेजर महेश वाधवा, सर्कल हेड वीरेंद्र कुमार शर्मा तथा डिप्टी जोनल मैनेजर जी.के. सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महेश वाधवा ने किया। उन्होंने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र देश की आर्थिक प्रगति और रोजगार सृजन का महत्वपूर्ण आधार है तथा इस क्षेत्र के विकास के लिए पंजाब नेशनल बैंक लगातार उद्यमियों को बेहतर वित्तीय सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान राइस मिलर्स, निर्यातकों तथा अन्य एमएसएमई इकाइयों के लिए उपलब्ध विभिन्न ऋण योजनाओं, कार्यशील पूंजी, जमा योजनाओं और डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि व्यवसाय की जरूरतों के अनुरूप बैंक की कई योजनाएं उद्यमियों के विस्तार और विकास में सहायक हो सकती हैं।

संवाद सत्र में उपस्थित उद्यमियों ने अपनी बैंकिंग आवश्यकताओं, ऋण प्रक्रिया और अन्य सेवाओं से जुड़े सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे। अधिकारियों ने सभी प्रश्नों का समाधान करते हुए बेहतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के अंत में रायपुर सर्कल हेड वीरेंद्र कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे संवाद कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि उद्यमियों और बैंक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके।

## रुद्री चौक से नरहरा जलप्रपात तक निकली जनजागरूकता रैली, एक पेड़ माँ के नाम हुआ पौधरोपण

# स्वच्छता और सुरक्षित पर्यटन का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने, प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के संरक्षण तथा स्वच्छता एवं सुरक्षित पर्यटन के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन धमतरी द्वारा आज प्रातः मानसून बाइक रैली का आयोजन किया गया। प्रातः 7 बजे रुद्री चौक से प्रारंभ हुई यह रैली जिले के रमणीय प्राकृतिक पर्यटन स्थल नरहरा जलप्रपात तक पहुंची। रैली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ पर्यटन, सुरक्षित यातायात तथा जिम्मेदार नागरिक सहभागिता का प्रभावी संदेश दिया गया।

रैली में जिला प्रशासन के अधिकारियों, विभिन्न विभागों के कर्मचारियों, युवाओं, बाइक राइडर्स तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मार्ग में आने वाले ग्रामों के ग्रामीणों ने रैली में शामिल प्रतिभागियों का आत्मीय स्वागत कर अभियान के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। इससे जनसहभागिता और सामुदायिक सहयोग की भावना भी परिलक्षित हुई। नरहरा जलप्रपात परिसर पहुंचने पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक धरोहरों को सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लेते हुए प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। रैली के दौरान सभी बाइक चालकों ने हेलमेट पहनकर तथा यातायात नियमों का पालन करते हुए अनुशासित एवं सुरक्षित ढंग से यात्रा की। इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश भी दिया गया कि पर्यटन का आनंद तभी सार्थक है, जब सुरक्षा नियमों का पालन और प्रकृति के प्रति संवेदनशील व्यवहार दोनों साथ-साथ हों।

इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जयंत नाहटा ने नरहरा जलप्रपात क्षेत्र का निरीक्षण कर आम नागरिकों एवं पर्यटकों के लिए उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पर्यटन स्थल पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा संकेतकों, बैरिकेडिंग तथा पर्यटक सुविधाओं को और सुदृढ़ बनाने के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि धमतरी जिले के प्राकृतिक पर्यटन स्थल जिले की अमूल्य धरोहर हैं, जिनका संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पर्यटकों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि पर्यटन स्थलों पर जारी सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें तथा खतरे वाले क्षेत्रों में जाने से बचें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। पर्यटक अपने साथ लाए गए प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट निर्धारित डस्टबिन में ही डालें तथा परिसर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों के साथ आए अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों पर लगातार नजर रखें और जलप्रपात के समीप अतिरिक्त सावधानी बरतें। जिला प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रमों से जिले में पर्यटन को नई पहचान मिलने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सुरक्षित पर्यटन के प्रति लोगों में सकारात्मक चेतना का विस्तार होगा। रैली में एसडीएम पीयूष तिवारी सहित कई विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

# ठेकेदारों को जल्द राहत देकर विकास कार्यों में लाई जाएगी तेजी : विजय मोटवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर निगम के ठेकेदारों के प्रतिनिधिमंडल ने अपने लंबित भुगतान, रॉयल्टी, अमानत राशि, सिक्योरिटी डिपॉजिट एवं अन्य प्रक्रियागत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर नगर निगम लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अध्यक्ष विजय मोटवानी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने निर्माण कार्यों को सुचारु रूप से आगे बढ़ाने के लिए निगम से सहयोग एवं आवश्यक राहत प्रदान करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल की समस्याएं सुनने के बाद विजय मोटवानी ने नव नियुक्त नगर निगम कमिश्नर अरुण वर्मा से दूरभाष पर चर्चा कर ठेकेदारों की मांगों से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नगर के विकास कार्यों को धरातल पर उतारने में ठेकेदारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए नियमानुसार पात्र ठेकेदारों के लंबित भुगतान, रॉयल्टी, अमानत राशि तथा एफडीआर के रूप में जमा सिक्योरिटी डिपॉजिट का शीघ्र भुगतान किया जाना आवश्यक है, ताकि जनहित के निर्माण कार्यों में गति लाई जा सके। ठेकेदारों के प्रतिनिधिमंडल ने भी जनप्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि निगम के सभी लंबित विकास एवं जनसुविधा संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में शहर के विकास को नई दिशा देने के लिए सभी ठेकेदार समर्पित भाव से कार्य करेंगे। इसके लिए निगम प्रशासन से समय-समय पर सहयोग एवं आवश्यक राहत मिलना जरूरी है। बैठक में भवन अनुज्ञा शाखा के अध्यक्ष नरेंद्र रोहरा, स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष निलेश सोनिया, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ठेकेदार उपस्थित रहे। विजय मोटवानी ने आश्वस्त दिया कि लोक निर्माण विभाग की ओर से ठेकेदारों की समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को गति देने के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

# नवागांव-सांकरा में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी/सांकरा



धमतरी जिले के नगरी विकासखंड अंतर्गत नवागांव-सांकरा मार्ग पर शुक्रवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में 92 वर्षीय बुजुर्ग मेहरू राम सोरी गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दोनों बाइक चालक भी घायल हुए हैं। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने घायलों की सहायता कर उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार सांकरा निवासी मेहरू राम सोरी (92 वर्ष), पिता केजुराम सोरी अपने 18 वर्षीय नाती नंदकिशोर के साथ बाइक से मौहाबाहरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान दूसरी दिशा से खल्लारी निवासी दीपक कुंजाम (18 वर्ष), पिता प्रहलाद कुंजाम पल्सर मोटरसाइकिल से आ रहा था। नवागांव के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई हादसे में मेहरू राम सोरी का पैर बुरी तरह फ्रैक्चर हो गया, जबकि बाइक चला रहा उनका नाती नंदकिशोर भी घायल हो गया। वहीं दूसरी बाइक चला रहे दीपक कुंजाम को भी गंभीर चोटें आई हैं।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना के बाद कुछ समय तक मार्ग पर लोगों की भीड़ लगी रही। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## अंचल की खबरें

### भाठागांव में वृक्षारोपण किया गया

**डांडेसरा।** 23 जुलाई को देश के महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद जयंती के अवसर पर जागरूक नवयुवक मंच भाठागांव द्वारा गांव के



मुक्तिधाम में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच श्रीमती पुष्पलता साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य हिमांशु साहू, जागरूक नवयुवक मंच मुख्य सलाहकार व शिक्षक महेंद्र साहू, गणमान्य नागरिक रामनारायण साहू, विजेंद्र चक्रधारी, जागरूक नवयुवक मंच के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, भूपेश कुमार, चंद्रभान चक्रधारी, विनय यादव, कमलनारायण, पंकज, कुलदीप कंवर उपस्थित रहे। तरुण सोनसाठ ने बताया कि यह समिति साल भर अनेक और बच्चों को प्रोत्साहित करने वाले कार्यक्रम करते रहते हैं इसी परिप्रेक्ष में वृक्षारोपण किया गया।

### मोहिनी सोनी ने तीन छात्राओं की वर्षभर की फीस का किया सहयोग

**धमतरी।** समाजसेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती मोहिनी सोनी ने नूतन हाई स्कूल, सिहावा चौक की तीन



छात्राओं की वर्षभर की फीस 20,450 का सहयोग प्रदान किया। यह राशि दूसरों की भलाई के लिए सहयोग करें — आइए, मिलकर सकारात्मक बदलाव लाएं....समूह के माध्यम से विद्यालय के प्राचार्य को सौंपी गई। इस अवसर पर समूह के आलोक राखेचा एवं गौरव लोहाना ने श्रीमती मोहिनी सोनी के इस प्रेरणादायक सहयोग के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। श्रीमती मोहिनी सोनी का नूतन हाई स्कूल से विशेष जुड़ाव रहा है। अपने शिक्षकीय जीवन की शुरुआत उन्होंने नूतन हाई स्कूल, सिहावा रोड से की थी, जहाँ उन्होंने लगभग चार वर्षों तक सेवाएँ दीं। इसके बाद वे बड़ी नूतन स्कूल में स्थानांतरित हो गईं और वहीं से सेवानिवृत्त हुईं। विद्यालय आगमन पर उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से आत्मीयता के साथ मुलाकात की। उन्होंने बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए नियमित अध्ययन, समय का सदुपयोग और अनुशासन का संदेश दिया। अंग्रेज़ी विषय की शिक्षिका होने के कारण उन्होंने विद्यार्थियों को अंग्रेज़ी पढ़ने, समझने और आत्मविश्वास के साथ बोलने के लिए भी प्रेरित किया।

### शहीद चंद्रशेखर आजाद जी की प्रतिमा पर भाजपाइयों ने किया माल्यार्पण



**धमतरी।** शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती अवसर पर आजाद चौक स्थित प्रतिमा पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के अद्वितीय साहस, राष्ट्रभक्ति एवं बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन देश की युवा पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने भारत माता की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, जिसके लिए राष्ट्र सदैव उनका ऋणी रहेगा। चंद्रशेखर आजाद का जीवन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, साहस और राष्ट्र समर्पण का प्रतीक है। माल्यार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जनों में विजय साहू, विनय जैन मंडल अध्यक्ष, वार्ड पार्षद संतोष सोनकर, चंद्रकला पटेल, प्रियंका सिन्हा, रुक्मणी सोनकर, आशा लोधी, पूजा कुंजाम, विजय ठाकुर, राजीव सिन्हा, नील पटेल, भागवत यादव, सीमा चौबे, अंकिता मिश्रा, शिवनारायण छाटा, ज्योति यादव, श्रीमती उषा निर्मलकर, नंदू लोधी, डॉ. गिरवर लाल साहू, ईश्वर चंद्र देवांगन, कैलाश साहू, अखिलेश कुंभकार, भुवन छाटा, बसंत देवांगन, राम कुमार निर्मलकर, नरेंद्र छाटा, भारत ढीमर एवं वार्डवासी कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### एकल विद्यालय वार्षिक आचार्य अभ्यास वर्ग फरसियां में संपन्न

**नगरी।** वन बन्धु परिषद द्वारा संचालित एकल अभियान के तत्वधान में महामाई मंदिर परिसर फरसियां में आयोजित पांच दिवसीय वार्षिक आचार्य अभ्यास वर्ग का शनिवार को महिला प्रभाग अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, समिति अध्यक्ष प्रयाग बिसेन, मोतीलाल दिवाकर व महेन्द्र नेताम के आतिथ्य में संपन्न हुआ। समिति के सदस्य महेन्द्र नेताम ने बताया कि सुदूर वनांचल क्षेत्रों में आज भी विद्यालय नहीं है, ऐसे विभिन्न ग्रामों में एकल विद्यालय संचालित हैं। एकल अभियान समिति के माध्यम से इनका संचालन होता है। इन विद्यालयों में पंचमुखी शिक्षा - प्राथमिक शिक्षा, जागरण, ग्राम स्वराज, आरोग्य शिक्षा एवं संस्कार शिक्षा के तहत बच्चों को शिक्षा के माध्यम से अलख जगाने का काम किया जाता है। इन विद्यालय के नवीन आचार्यों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग यहां पर आयोजित किये जा रहे हैं। अभ्यास वर्ग में अंचल नयापारा राजिम से संच नगरी, गंगरेल, छुरा, फिंगेश्वर के नवीन आचार्यो का फरसियां के महामाया मंदिर प्रांगण में 5 दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग का शुभारंभ नगरी संच के अध्यक्ष प्रयाग बिसेन व ग्राम पंचायत फरसियां के सरपंच केशव टेकाम के आतिथ्य में किया गया था। जिसमें गनिराम दिवान अंचल अभियान प्रमुख अंचल नयापारा, भोजलाल सोरी संच प्रमुख नगरी व अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षक अंचल नयापारा, हीरालाल नागेश रथ पुजारी, सनतकुमार साहू रथ सारथी, वेदलाल निषाद संच प्रमुख गंगरेल, खेलन यादव संच प्रमुख फिंगेश्वर, होरीलाल साहू संच प्रमुख छुरा, मेश्राम नागेश सदस्य एवं 35 नवीन आचार्य भाई-बहन उपस्थित रहे।

### धमतरी में पत्रिका का प्रत्यय का विमोचन आज

**धमतरी।** जिला हिन्दी साहित्य समिति धमतरी द्वारा 25 जुलाई को दोपहर 3 बजे साहित्य भवन (म्युनिसिपल स्कूल के पीछे) में भव्य साहित्यिक समारोह आयोजित किया जाएगा। समिति अध्यक्ष डुमनलाल ध्रुव ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कवयित्री कामिनी कौशिक के संपादन में प्रकाशित 'प्रत्यय' पत्रिका का विमोचन होगा। साथ ही नारायण लाल परमार, त्रिभुवन पांडेय, मुकीम भारती, भगवतीलाल सेन, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त एवं संत गुरु घासीदास के नाम पर मार्ग नामकरण के सांकेतिक बोर्ड का लोकार्पण किया जाएगा। महापौर रामू रोहरा मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता डुमनलाल ध्रुव करेंगे तथा पार्षद योगेश लाल विशेष अतिथि रहेंगे। समारोह में डॉ. परदेशीराम वर्मा, रवि श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष चन्द्रशेखर शर्मा एवं डॉ. सरिता दोशी का सम्मान होगा। समिति ने साहित्यकारों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और साहित्य प्रेमियों से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**
**न्याय/क्यु/क्रमांक दिनांक 24/07/2026**
**प्रो.क्र. 1404/2026**
**पेशी दिनांक 07/09/2026**

**// आम सूचना //**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, इस न्यायालय में लंबित व्य.वाद.क्र. 240अ/2025 चित्रेरेखा (चित्ररेखा) उर्फ कुसुम बनाम आम जनता वगैरह में प्रतिवादी क्रमांक 01 आम जनता जो भी हितबध्द पक्षकार की उपस्थिति/तामिली हेतु सुचना पत्र प्रकाशन का आदेश पारित किया गया है, उपरोक्त प्रकरण में दिनांक 07/09/2026 को आप प्रतिवादीगण की उपस्थिति हेतु नियत की गयी है। नियत पेशी तारिख को आप प्रतिवादीगण स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करा कर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी तारिख के पश्चात कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगा, अगर नियत पेशी तारिख में कोई अवकाश घोषित किया जाता है, तो आगामी पेशी तारिख में उपस्थित हो सकते है।

**रजत कुमार निराला,**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद**
**जिला- धमतरी (छ.ग.)**

**न्यायालय में उपस्थिति के लिए समंस आदेश 05 नियम 20 व्यवहार प्रकिया संहिता के अंतर्गत**
**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.)**

बुधारू राम वगैरह ...वादीगण
बनाम
आम जनता वगैरह ...प्रतिवादीगण
व्य.वा.क्र. 154अ/2026 पेशी दिनांक 04/08/2026
प्रो.क्र. 1228/2026

प्रति,
आमजनता वगैरह,

चूंकि वादी के द्वारा आप प्रतिवादी आम जनता वगैरह के विरूध्द ग्राम सिलौटी, प.ह.न. 13, तहसील भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर क्रमशः 418, 465/1, 465/2, रकबा क्रमशः 0.2600 हे., 0.1500हे. 0.1800हे., कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 0.5900 हे. राजस्व अभिलेख में वादीगण का ग्राम में प्रचलित नाम होने के कारण बुधरू पिता सोनऊ, महेत्तर पिता बुधरू, संतराम पिता बुधरू, के नाम पर हल्का पटवारी द्वारा त्रुटिवश इन्द्राज कर दिया गया है। जबकि वादीगण का वास्तविक नाम बुधारू पिता सोनऊ, महेश कुमार पिता बुधारू राम, सनत कुमार पिता बुधारू राम है, जिस कारण वादीगण कृषि में तरक्की हेतु खाद-बीज तथा छ.ग. शासन से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित होने के संदर्भ को लेकर इस न्यायालय में बुधरू पिता सोनऊ, महेत्तर पिता बुधरू, संतराम पिता बुधरू एवं बुधारू पिता सोनऊ, महेश कुमार पिता बुधारू राम, सनत कुमार पिता बुधारू राम सभी एक व्यक्ति के नाम है, तथा राजस्व अभिलेख में बुधरू पिता सोनऊ, महेत्तर पिता बुधरू, संतराम पिता बुधरू, को विलोपित कर बुधारू पिता सोनऊ, महेश कुमार पिता बुधारू राम, सनत कुमार पिता बुधारू राम दर्ज करने की घोषणा का वाद संस्थित किया है, इस कारण आप आमजनता वगैरह जिसको आपत्ति हो, इस न्यायालय में दिनांक 04/08/2026 को सुबह 11:00 बजे दावा का उत्तर देने उपस्थित होने के लिए समंस जारी किया जाता है। आप आम जनता वगैरह इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध मे अनुदेश दिये गये हो, जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। अतः आप आम जनता वगैरह/प्रतिवादीगण को सूचित किया गया जाता है कि, यदि आप उपर वर्णित की गई तारीख को इस न्यायालय मे उपस्थित नही होगें तो, वाद की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति मे किया जावेगा, पेशी तारीख में अवकाश घोषित होने पर प्रकरण आगामी कार्य दिवस पर लिया जावेगा। आज दिनांक 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

(मुहर)

**रजत कुमार निराला,**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद**
**जिला धमतरी (छ.ग.)**

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

भास्कर आई केयर
BHASKAR EYE CARE
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के राज में पेपर लीक हुए पर परीक्षा नहीं रुकी, हमारी सरकार में पारदर्शिता : रंजना साहू

**धमतरी।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने पेपर लीक के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस के राज में पेपर लीक हुए पर परीक्षा नहीं रुकी। हमारी सरकार में पारदर्शिता है - लीक हुआ तो परीक्षा रद्द। रंजना साहू ने आगे कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में दर्जनों बार पेपर लीक हुए, लेकिन तब की कांग्रेस सरकार ने आंख मूंद ली। नतीजा यह हुआ कि अपात्र लोग आज भी सरकारी नौकरियों में बैठे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के भविष्य के साथ कोई समझौता नहीं करेगी। एक भी पेपर लीक की सूचना मिलते ही परीक्षा को निरस्त कर दिया जाता है और दोबारा निष्पक्ष परीक्षा कराई जाती है। सरकार पेपर माफियाओं पर भी कड़ी कार्रवाई कर रही है। रंजना साहू ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार के समय खुद प्रियंका गांधी ने माना था कि पेपर लीक बहुत बड़ा मुद्दा है और उनकी सरकार उसे रोक नहीं पा रही है। लेकिन आज कांग्रेस को वह समय याद नहीं आ रहा।



### शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी में प्रवेश जारी

- श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाएं प्रवेश के लिए कर सकतीं हैं आवेदन

**धमतरी।** शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी में कक्षा पहली से दसवीं तक की श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं को निःशुल्क आवासीय शिक्षण का लाभ दिया जा रहा है। संस्था के अधीक्षक ने बताया कि इस आवासीय विद्यालय में कक्षा पहली से आठवीं तक श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं का प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश के लिए 6 से 14 साल तक के आयु की दिव्यांग बालिकाएं आवेदन कर सकतीं हैं। आवेदन के साथ पिछली कक्षा की अंकसूची, नगरनिगम या चिकित्सा विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी यूडीआईडी कार्ड लगाना होगा। इसके साथ ही आधार कार्ड की छायाप्रति, जिला चिकित्सालय द्वारा जारी दिव्यांग प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साईज के 10 फोटो, ब्लड ग्रुप, बैंक पासबुक, राशनकार्ड की छायाप्रति सहित पहचान का निशान और सिकलसेल अथवा अन्य कोई बीमारी हो तो उसका भी उल्लेख करना होगा। अधीक्षक ने यह भी बताया कि यदि पहले से अध्ययनरत है, तो स्थानांतरण प्रमाण पत्र मूल में और जिले के बाहर के टीसी में जिला शिक्षा अधिकारी का प्रतिहस्ताक्षर जरूरी होगा।

### हंचलपुर में एक दिवसीय बाल संस्कारशाला प्रशिक्षण सम्पन्न

**धमतरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, भखारा ब्लॉक की ग्राम हंचलपुर द्वारा एक दिवसीय बाल संस्कारशाला प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों में नैतिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों का विकास करना तथा संस्कारशालाओं को अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाना रहा। इस प्रशिक्षण में लगभग 30 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का संचालन बबीता साहू द्वारा किया गया। विद्यार्थियों एवं कार्यकर्ताओं को बाल संस्कारशाला के उद्देश्य, संचालन पद्धति, व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक शिक्षा, प्रार्थना, योग, प्रेरणादायक गतिविधियों एवं भारतीय संस्कृति से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया।

# 75 साल पुराने रामबाग सब्जी बाजार के जीर्णोद्धार की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के अंतिम छोर पर स्थित करीब 75 वर्ष पुराने ऐतिहासिक रामबाग सब्जी बाजार की बदहाल स्थिति को लेकर सब्जी विक्रेताओं, स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने इसके शीघ्र जीर्णोद्धार की मांग उठाई है। व्यापारियों का कहना है कि बाजार में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जिससे रोजाना कारोबार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने नगर प्रशासन से बाजार का नव निर्माण कर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।



प्रकाश सिन्हा

उन्होंने बताया कि जगह की कमी और खराब व्यवस्था के कारण कई सब्जी विक्रेता सड़क किनारे दुकान लगाने को मजबूर हैं। इससे यातायात प्रभावित होता है और ग्राहकों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। बाजार परिसर में पार्किंग की सुविधा नहीं होने से वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं, जिससे जाम जैसी स्थिति बन जाती है। वार्ड पार्षद प्रकाश सिंह ने बताया कि रामबाग बाजार के नव निर्माण के लिए लगभग 40 लाख रुपये का प्राक्कलन (एस्टीमेट) तैयार किया जा चुका है। इस संबंध में कलेक्टर, महापौर, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को कई बार ज्ञापन और पत्र भेजे जा चुके हैं, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि ऐतिहासिक बाजार का जल्द आधुनिकीकरण कर आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएं, ताकि विक्रेताओं और ग्राहकों दोनों को राहत मिल सके।

## मूलभूत सुविधाओं के अभाव से व्यापारी और ग्राहक परेशान

### जर्जर शेड और चबूतरे से बढ़ी परेशानी, सड़क पर लग रही दुकानें

वार्ड पार्षद प्रकाश सिन्हा ने बताया कि रामबाग बाजार वर्षों से शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए प्रमुख सब्जी बाजार रहा है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान, सब्जी विक्रेता और ग्राहक पहुंचते हैं। लेकिन बाजार का शेड पूरी तरह जर्जर हो चुका है। जगह-जगह छत क्षतिग्रस्त होने से बारिश का पानी टपकता है, जबकि चबूतरे भी टूट चुके हैं। पर्याप्त रोशनी, बैठने की व्यवस्था और अन्य सुविधाओं के अभाव में व्यापारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



### 40 लाख का प्रस्ताव तैयार फिर भी नहीं शुरू हुआ निर्माण

सब्जी व्यवसायी ललित सोनकर, भुवन कौशिक, गोलू सोनकर, सतू भाई, गणेश साहू, बिराजो बाई, सीमा सोनकर और कुमारी बाई सहित अन्य व्यापारियों ने बताया कि बारिश और तेज धूप के दौरान खुले में बैठकर कारोबार करना पड़ता है। लावारिस मवेशियों के कारण भी व्यापार प्रभावित होता है। महिलाओं के लिए शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा नहीं होने से उन्हें विशेष परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## 3.84 करोड़ रुपए सीधे बैंक खातों में हस्तांतरित, शेष राशि का भुगतान जारी

# 23,723 तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवारों को मिलेगा 3.92 करोड़ का बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

तेन्दूपत्ता संग्राहकों का लंबे समय से प्रतीक्षित प्रोत्साहन पारिश्रमिक (बोनस) अब उनके खातों में पहुंचना शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह के दौरान रायपुर स्थित कृषि मण्डपम में तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2023 के संग्राहकों को बोनस वितरण का शुभारंभ किए जाने के बाद धमतरी जिले में भी बोनस राशि का ऑनलाइन भुगतान तेजी से किया जा रहा है। यह पहल वनाश्रित परिवारों की आर्थिक समृद्धि, सामाजिक सुरक्षा और आजीविका सुदृढ़ीकरण की दिशा में राज्य शासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, वनमंडल धमतरी के प्रबंध संचालक एवं वनमंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने बताया कि वर्ष 2023 के तेंदूपत्ता विक्रय में लाभ अर्जित करने वाली जिले की 25 प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के 212 फड़ों से जुड़े ग्रामों के 23 हजार 723 संग्राहक परिवारों को कुल 3 करोड़ 92 लाख रुपये प्रोत्साहन पारिश्रमिक (बोनस) स्वीकृत किया गया है। यह राशि ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। 20 जुलाई 2026 तक 3 करोड़ 84 लाख रुपये की राशि संग्राहकों के खातों में सफलतापूर्वक हस्तांतरित की जा चुकी है तथा शेष पात्र हितग्राहियों को भी शीघ्र भुगतान की प्रक्रिया जारी है।

### बीमा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से मिला संबल

संघ संचालित समूह बीमा योजना के अंतर्गत मई 2026 तक प्राप्त 258 प्रकरणों में से 205 प्रकरणों का निराकरण कर 24.60 लाख रुपये की सहायता राशि वितरित की गई है। इसी प्रकार राजमोहिनी देवी तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत प्राप्त 392 प्रकरणों में से 339 प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान कर लगभग 4 करोड़ 43 लाख रुपये की सहायता राशि हितग्राहियों को उपलब्ध कराई गई है। इन योजनाओं से संकट की घड़ी में संग्राहक परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हो रही है।



### लक्ष्य का लगभग 89 प्रतिशत संग्रहण 13.07 करोड़ रुपए का पारिश्रमिक भुगतान

वर्ष 2026 में जिले को 26 हजार 800 मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके विरुद्ध 23 हजार 751 मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहित किया गया, जो लक्ष्य का लगभग 88.70 प्रतिशत है। संग्रहण कार्य में 26 हजार 550 संग्राहकों ने भागीदारी निभाई, जिन्हें 13 करोड़ 7 लाख रुपये से अधिक का पारिश्रमिक भुगतान किया जा चुका है। वर्ष 2025 में जिले में 25 हजार 275.63 मानक बोरा तेन्दूपत्ता संग्रहित हुआ था, जिसके लिए 27 हजार 887 संग्राहकों को 13 करोड़ 90 लाख रुपये का पारिश्रमिक पूर्ण रूप से वितरित किया गया था।

### संग्राहकों के कल्याण के लिए निरंतर संचालित योजनाएं

तेन्दूपत्ता संग्राहकों के कल्याण के लिए विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं सुविधामूलक योजनाओं का भी प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 में 27 हजार 532 महिला संग्राहकों को चरण पादुका का वितरण किया गया है, जबकि 2025-26 में 28 हजार 723 पुरुष संग्राहकों को चरण पादुका उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा, वर्ष 2022 के बोनस के रूप में 24 हजार 529 संग्राहकों को 6 करोड़ 33 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। वहीं वर्ष 2023 के लिए स्वीकृत 3 करोड़ 92 लाख रुपये में से अधिकांश राशि का भुगतान पूर्ण हो चुका है तथा शेष राशि शीघ्र ही लाभार्थियों के खातों में पहुंच जाएगी।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2026 के लिए तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा निर्धारित की गई है, जिससे संग्राहकों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित हुई है। तेन्दूपत्ता संग्रहण केवल मौसमी रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि वनाश्रित परिवारों की आजीविका का महत्वपूर्ण आधार है। राज्य शासन द्वारा पारिश्रमिक, बोनस तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से इस परंपरागत आजीविका को निरंतर सशक्त बनाया जा रहा है।

पीएम जनमन योजना के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के लिए कल्लेमेटा में वनधन विकास केंद्र स्थापित किया गया है। यहां स्व-सहायता समूहों को दोना-पत्तल निर्माण, बांस आधारित उत्पाद निर्माण तथा अन्य स्वरोजगार गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। इससे जनजातीय परिवारों की आय बढ़ने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं। वनधन विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत 144.68 क्विंटल लघु वनोपज का संग्रहण किया गया, जिसके एवज में 64 संग्राहकों को लगभग 3.50 लाख रुपये का भुगतान किया गया। इससे लघु वनोपज संग्रहण को भी आर्थिक मजबूती मिल रही है।

तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवारों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में 347 छात्र-छात्राओं को 39.13 लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस योजना के माध्यम से मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के साथ-साथ व्यावसायिक और गैर-व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है।

# मेडिकल एजेंसी में ईओडब्ल्यू की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के रायपुर रोड स्थित एक मेडिकल एजेंसी में शुक्रवार को आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) की टीम ने कई घंटों तक जांच-पड़ताल की। अधिकारियों ने एजेंसी से जुड़े दस्तावेजों का गहन परीक्षण किया और आवश्यक अभिलेख अपने साथ ले गए। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुटी रही और मामले को लेकर चर्चाओं का दौर चलता रहा।

### आधिकारिक पुष्टि का अब भी इंतजार

सूत्रों के अनुसार यह जांच स्वास्थ्य विभाग से जुड़े वर्ष 2003-04 के एक पुराने मामले के संदर्भ में की जा रही है। हालांकि इस संबंध में ईओडब्ल्यू की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। अधिकारियों ने जांच के उद्देश्य या बरामद दस्तावेजों के संबंध में भी कोई जानकारी साझा नहीं की। आवश्यक दस्तावेजों की जांच पूरी करने के बाद टीम वापस रवाना हो गई।



### पुराने प्रकरण से जोड़कर देखी जा रही कार्रवाई

शुक्रवार को दो वाहनों में सवार होकर ईओडब्ल्यू की टीम रायपुर रोड स्थित मेडिकल एजेंसी पहुंची। टीम में पुलिस बल के साथ करीब सात अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे। अधिकारियों ने एजेंसी के कार्यालय में रखी फाइलों, रजिस्टरों और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। जांच प्रक्रिया कई घंटों तक चली, जिसके दौरान आवश्यक अभिलेखों को सुरक्षित रूप से अपने कब्जे में लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ दस्तावेज विशेष रूप से सुरक्षित पैकिंग में भी साथ ले जाए गए। कार्रवाई के दौरान एजेंसी का कामकाज प्रभावित रहा और आसपास के लोगों की नजरें पूरे घटनाक्रम पर टिकी रहीं।

फिलहाल पूरे मामले को लेकर शहर में विभिन्न तरह की चर्चाएं हैं, लेकिन कार्रवाई के वास्तविक कारण और जांच के निष्कर्ष सामने आने के लिए लोगों को आधिकारिक जानकारी का इंतजार है। जांच पूरी होने के बाद ही मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# धमतरी मंडल देवांगन समाज का शपथ ग्रहण समारोह 26 को

- देवांगन धर्मशाला हेतु 15 लाख स्वीकृत, होगा भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

धमतरी मंडल देवांगन समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 26 जुलाई रविवार को देवांगन धर्मशाला दानीटोला धमतरी में सुबह 11 बजे आयोजित की गई है। जिसमें सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी शपथ लेकर पदभार ग्रहण करेंगे। उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा देवांगन धर्मशाला के लिए 15 लाख रूपये की स्वीकृति की गई थी। जिसका भूमिपूजन धमतरी जिला देवांगन समाज के द्वारा रखा गया है।

यह भूमिपूजन कार्यक्रम जगदीश रामू रोहरा महापौर नगर पालिका निगम धमतरी के मुख्य आतिथ्य में और समस्त जिला देवांगन समाज, महिला संगठन, युवा संगठन, भवन निर्माण समिति और समस्त मंडल के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनय देवांगन अध्यक्ष जिला देवांगन समाज धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में विजय देवांगन पूर्व महापौर नगर पालिक निगम धमतरी, कुंजलाल देवांगन पूर्व संरक्षक छग प्रदेश देवांगन समाज धमतरी, रामगोपाल देवांगन पूर्व अध्यक्ष छग प्रदेश देवांगन समाज, जयलाल देवांगन महासचिव जिला देवांगन समाज धमतरी, बृजलाल देवांगन कोषाध्यक्ष जिला देवांगन समाज धमतरी, मोहित देवांगन विधिक सलाहकार, जिला देवांगन समाज धमतरी उपस्थित होंगे। वहीं अति विशिष्ट अतिथि में कौशिल्या देवांगन सभापति नगर पालिक निगम धमतरी, पूर्णिमा भरत देवांगन, पार्षद सुभाष नगर वार्ड क्र. 40 धमतरी, संजय देवांगन पार्षद जालमपुर वार्ड धमतरी, विशु देवांगन पार्षद जोधापुर वार्ड धमतरी, अज्जू देशलहरे पार्षद दानीटोला वार्ड धमतरी, वेदिका देवांगन अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ जिला देवांगन समाज धमतरी की उपस्थिति रहेगी।



# बोराई थाना में थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार सिंह को विदाई, स्टाफ ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

धमतरी जिले के विकासखंड नगरी अंतर्गत बोराई थाना में पदस्थ थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार सिंह के स्थानांतरण पर थाना परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर थाना स्टाफ ने उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानपूर्वक भावभीनी विदाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य एवं सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सिंह के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्य परायणता के साथ किया। उनके सरल व्यवहार, अनुशासित कार्यशैली एवं टीम भावना को सदैव याद रखा जाएगा। विदाई समारोह के दौरान सभी पुलिसकर्मियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया तथा उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर एसआई आरके मिश्रा, एएसआई राहुल देव, एएसआई दीपेश डेहरी, प्रधान आरक्षक डोमेश्वर ओटी, आरक्षक दुर्गेश नंदिनी, नरमदा नेताम, महेंद्र कुंजाम, राजेन्द्र चिन्दा, गिरीश सोम, सत्यनारायण निषाद सहित थाना बोराई का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।




# विद्याकुंज स्कूल के बच्चों ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

- शिक्षा मंत्री को मंत्रिमंडल से हटाने और नीट पेपर लीक कांड के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

देश के शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को मंत्रिमंडल से हटाने एवं नीट पेपर लीक कांड के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर विद्याकुंज स्कूल के बच्चों ने ज्ञापन सौंपने से पहले 50 विद्यार्थियों के हस्ताक्षर अभियान चलाकर समर्थन जुटाया, जिसके बाद 23 जुलाई को धमतरी कलेक्ट्रेट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बच्चों का कहना है कि वे विद्याकुंज स्कूल, ग्राम लोहरसी, जिला धमतरी के कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थी हैं। वे भविष्य में डॉक्टर बनकर देश एवं समाज की सेवा करना चाहते हैं, लेकिन NEET पेपर लीक कांड के बाद से अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

सभी विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हाथ जोड़कर निवेदन किया कि देश के शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को तत्काल मंत्री पद से हटाया जाए तथा NEET पेपर लीक कांड में शामिल सभी दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में रुचि साहू, इशिता ध्रुव, गरिमा गंजीर शामिल हैं।















